//प्रेस विज्ञप्ति//

**अपोलो ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन में बिल्ट्ज 2023 का आगाज़ :**

दुर्ग अपोलो ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन में दो दिवसीय 20 व 21 जनवरी को वार्षिकोत्सव बिल्ट्ज 2023 का आयोजन किया गया, इस दिन प्रातः 11 बजे ट्रेजर हंट गेम का आयोजन किया गया जिसमें नर्सिंग, फिजियोथैरेपी, फार्मेसी, एजुकेशन के छात्र–छात्राओं ने भाग लिया जिसमें से बी.एस.सी.नर्सिंग के शन्नी, प्रितम, शारदा, खुशबु ने प्रथम स्थान प्राप्त कर बाजी मारी। प्रथम दिवस शाम 05:30 बजे से महाविद्यालय में विद्यार्थी एवं अभिभावकगण पहुंच गये थे उनमे एक उत्साह था।

प्रथम दिवस के मुख्य अतिथि दुर्ग जिले के पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव जी का तिलक लगाकर एवं पौधे देकर स्वागत किया गया एवं महाविद्यालय के चेयरमेन डॉ. बी.एस.भाटिया, संचालक गण श्री आशीष अग्रवाल, श्री संजय अग्रवाल, डॉ. मनीष जैन ने दीप प्रजव्वलित कर मां सरस्वती की वंदना व पुष्प अर्पित कर स्तुति की।

हमारे मुख्य अतिथि डॉ. अभिषेक पल्लव जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि अपोलो ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन इसी प्रकार और उन्नति करें एवं शिक्षा के क्षेत्र में अपना उल्लेखनीय योगदान देते रहें। डॉ. बी.एस. भाटिया एवं डॉ. मनीष जैन ने भी अपने उद्बोधन में कॉलेज की प्रगति पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय द्वारा खेल के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया है।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हमारे महाविद्यालय के नर्सिंग, फार्मेसी, फिजियोथैरेपी, शिक्षा विभाग के छात्र–छात्राओ ने उत्कृष्ठ एकल नृत्य, समूह नृत्य, एकल गीत, समूह गीत, लोकगीत, देशभक्ति गीत प्रस्तुत किये। कुछ छात्र–छात्राओं ने आधुनिक परंपरा में पश्चिमी नृत्य एवं गायन भी प्रस्तुत किये। प्रथम दिवस में ही फैशन शो का रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। अंत में नरेन्द ने सभी का आभार व्यक्त किया।

PRINCIPAL
APOLLO COLLEGE
ANJORA, DURG

द्वितीय दिवस के मुख्य अतिथि माननीय श्री ताम्रध्वज साहू जी (मंत्री, पर्यटन,धर्मस्व,पी.डब्लयू.डी,जेल, गृह विभाग) व डॉ. ए.के. चन्द्राकर (वाइस चांसलर, पं. दीनदयाल उपाध्याय मेमोरियल हेल्थ साईंस एवं आयुष विश्वविद्यालय, रायपुर छ.ग.) विशिष्ट अतिथि डॉ.जे.पी. मेश्राम (सी.एम.एच.ओ.,दुर्ग), डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव (अधिष्ठाता, छात्र कल्याण हेमचंद यादव विश्वविद्यालय) श्रीमति डॉ. सरिता श्रीवास्तव, श्रीमति शालिनी यादव (अध्यक्ष, जिला पंचायत दुर्ग), डॉ. भूपेन्द्र कुलदीप (कुलसचिव, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय) जी ने इस रंगारंग कार्यक्रम में अपनी उपस्थित दर्ज कराकर कार्यक्रम की शोभा में चारचांद लगाये तत्पश्चात हिन्दू धर्म की मान्यतानुसार मां सरस्वती की पूजा अर्चना किये।

मुख्य अतिथि माननीय श्री ताम्रध्वज साहू जी ने अपने उद्बोधन में अपोलो ग्रुप ऑफ इंस्टीट्शन के दिन–प्रतिदिन की उन्नति पर प्रसन्नता जाहिर की एवं विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए अपने आशीष वचन दिये। इसके पश्चात् डॉ0 ए.के. चन्द्राकर सर ने भी कहा कि नर्सिंग, फार्मेसी व फिजियोथैरेपी में कोरोना काल में समाज व देश के लिए अपना योगदान दिया जो उल्लेखनीय रहा। इस प्रकार उन्होने विद्यार्थियों को प्रेरणात्मक संज्ञान दिया। डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव संस्था के अनुशासन पर प्रशंसा जाहिर की। डॉ. भूपेन्द्र कुलदीप ने अपने उद्बोधन में कहा कि अपोलो कॉलेज उन्नति के पद पर अग्रसर रहेगा ऐसे मेरी आशा व कामना है। इसके साथ महाविद्यालय के विद्यार्थियों को नव वर्ष में नया संकल्प लेने को प्रोत्साहित किया कि वे इस वर्ष अपने अंदर की नकारात्मकता को दूर कर सकारात्मकता की ओर ही अग्रसर होते हुए अपने लक्ष्य का निर्धारण करें।

इस वार्षिक उत्सव के सफल आयोजन पर सभी संचालक गणों को शुभकामनाएं दी।

इसके पश्चात् रंगारंग विभिन्न सांस्कृतिक कार्यकम की प्रस्तुति विद्यार्थियों द्वारा दी गई की गई जिसमें समूह गायन, एकल गायन, एकल नृत्य, समूह नृत्य ,

फ्री–स्टाईल डांस भी प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम के मध्यांतर में महाविद्यालय के वार्षिक प्रतिवेदन श्रीमति रूपा साहू व सुश्री प्रिया तिवारी ने प्रस्तुत किया। सुश्री राखी शर्मा ने भी महाविद्यालय का संक्षिप्त परिचय देते हुए उत्तरोत्तर प्रगति का उल्लेख किया।

संचालक महोदय श्री आशीष अग्रवाल ने महाविद्यालय के वर्तमान स्थिति व महाविद्यालय की विकास के बारे में जानकारी दी। उन्होने बताया कि किस प्रकार इस महाविद्यालय रूपी पौधे को सींचकर वटवृक्ष का रूप प्रदान किया गया। उसके पश्चात् प्रतिभाशाली छात्रों का अभिनंदन किया गया और उन्हे प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान कर महाविद्यालय द्वारा पुरस्कृत किया गया।

उनके नाम इस प्रकार है – बी.एस.सी.नर्सिंग प्रथम सेमे. से खुशबु मरकाम, आकांक्षा बाडा, कविता रामटेके, बी.एस.सी.नर्सिंग प्रथम वर्ष से खुशबु गुप्ता, दीपा, नित्या मानिकपुर व सुप्रिया सरकार, बी.एस.सी.नर्सिंग द्वितीय वर्ष से पलक, कोमल, मोनिता, बी.एस.सी. नर्सिंग तृतीय वर्ष से दीक्षा शुक्ला, खुशबू साहू, रूचिरा कोर्राम, बी.एस.सी. नर्सिंग चतुर्थ से कृतिका, चन्द्रप्रभा, यशस्वी देवांगन

जी.एन.एम. द्वितीय वर्ष से सुबर्ना मंडल, सिद्वी देशमुख, लोपामुद्रा दास, जी.एन.एम. तृतीय वर्ष से उदित कुमार, यामिनि साहू, रीतू वाडे

पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग से सताक्षी सुमन, मुनमुन, अंजना क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग द्वितीय वर्ष में खुमेश्वरी प्रथम रही।

एम.एस.सी. नर्सिंग प्रथम वर्ष में कुलेश्वर साहू, काजल राठौर, दीपशिखा, व एम.एस.सी. नर्सिंग द्वितीय वर्ष में लेखा वर्मा, मौमिता सरकार, दुलेश्वरी क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे।

बैचलर ऑफ फार्मेसी में द्वितीय सेमेस्टर में प्रवीण कुमार साहू, स्वेता साव, कविता भट्टाचार्य, बैचलर ऑफ फार्मेसी चतुर्थ सेमेस्टर में प्रगति कन्नौजिया, काजल गुप्ता, अक्षय कुमार, बैचलर ऑफ फार्मेसी छठे सेमेस्टर में अकांक्षा तंबोली, दुर्गेश माला, उर्वशी गायकवाड़,

मास्टर ऑफ फार्मेसी में विजया वर्मा, कुलदीप, पल्लवी प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे।

बैचलर ऑफ फिजियोथैरेपी प्रथम वर्ष में प्रेरणा सिंह, राजू पटेल, भाग्यश्री व द्वितीय वर्ष में श्रद्वा पचपोरे प्रियंका साहा, आयुष कुमार शर्मा, तृतीय वर्ष में डिंपल, प्रतिभा, निशिता व चतुर्थ वर्ष में निकिता गंगवानी, वंशिका वर्मा, साना अमदानी क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। वहीं अंजुम समनानी स्वर्ण पदक विजेता रही।

डी.एल.एड. प्रथम वर्ष में चितेश्वरी, केजन, चंद्रशेखर, द्वितीय वर्ष में माधुरी साहू, गितिका सिन्हा, नरोत्तम, प्रथम,दितीय व तृतीय रही।

बी.एड. प्रथम वर्ष में सरिता, दीपिका भगता, संतोषी, द्वितीय वर्ष में गीतांजली प्रथम, द्वितीय स्थान पर रही ईश्वरी वर्मा व प्रतिक्षा यदु, तृतीय पूनम हिरवानी, इसी क्रम में

एम.एड. प्रथम वर्ष में विवेक खरे, तौसिफ, योगराज, द्वितीय वर्ष में श्रद्वा वैष्णव, नवनीता रामटेके, अमृता ज्योति टोप्पो क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे।

तत्पश्चात् कार्यक्रम को फिर से सांस्कृतिक विधाओं द्वारा रंगारंग किया गया, (फैशन शो फाइनल राउंड ) की प्रस्तुति दी गई जिसमें प्रथम रिया विश्वास (बी.पी.टी.) एवं अनिल (बी.पी.टी.), द्वितीय राहूल कुमार (बी.एड.),कृति देहारी (बी.एस.सी. नर्सिंग)रहे। वार्षिक उत्सव के अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. योगेश पौनिकर (फार्मेसी) ने सभी विद्याथियों, सभी शैक्षणिक स्टॉफ व कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

अंत में अपोलो कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्राचार्य डॉ. योगेश पॉनिकर द्वारा धन्यवाद ज्ञापित कर कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

PRINCIPAL
APOLLO COLLEGE
ANJORA, DURG